Seat No. : _______________

# AC-122(H)

**April-2025**

**M.Com., Sem.-IV**

**508 : Taxation-II**

**(Corporate Tax Planning and GST)**

**Time : 2:30 Hours]** **[Max. Marks : 70**

**(Hindi Version)**

1. XYZ लि. को एक एसेम्बली कार्य में एक अवयव की आवश्यकता है । वह अवयव को खरीदे या बनाए इस पर विचार कर रही है । **14**

   (i) यदि कंपनी उत्पाद का खुद उत्पादन करने का निर्णय लेती है, तो उसे इसके लिए ₹ 8 लाख की मशीन खरीदनी पड़ेगी जिसका उपयोगी जीवन 5 वर्ष का होगा । उत्पादन लागत 5 वर्षों में क्रमशः ₹ 12 लाख, ₹ 14 लाख, ₹ 16 लाख, ₹ 20 लाख एवं ₹ 25 लाख होगी । संबंधित ह्रास दर 15% है । छठवें वर्ष की शुरुआत में मशीन को ₹ 1 लाख में बेचा जाएगा ।

   (ii) यदि कंपनी किसी विक्रेता से अवयव को खरीदने का निर्णय लेती है तो अवयव की लागत 5 वर्षों में क्रमशः ₹ 18 लाख, ₹ 20 लाख, ₹ 22 लाख, ₹ 28 लाख और ₹ 34 लाख होगी ।

   संबंधित छूट दर एवं कर दर क्रमशः 14% और 31.25% हैं । अतिरिक्त ह्रास उपलब्ध नहीं है । XYZ लि. को अवयव को बनाना चाहिए या बाहर से खरीदना चाहिए ? कर योजना के संदर्भ में अपना उत्तर दीजिए ।

**अथवा**

1. (A) कंपनी के आवासीय दर्जे पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए । **7**

   (B) कॉर्पोरेट कर योजना पर प्रभाव डालने वाले कारकों का वर्णन कीजिए । **7**

2. (A) वस्तु एवं सेवा कर (GST) अधिनियम के मुख्य लक्षण समझाइए । **7**

   (B) वस्तु एवं सेवा कर (GST) अधिनियम के अंतर्गत 'कुल बिक्री' (Total Turnover), 'वस्तु' (Goods) एवं 'व्यापार' (Business) का वर्णन कीजिए । **7**

**अथवा**

2. (A) वस्तु एवं सेवा कर (GST) अधिनियम के फायदे समझाइए। **7**

(B) वस्तु एवं सेवा कर (GST) अधिनियम के अंतर्गत रिवर्स चार्ज क्या है ? यह कब लागू होता है ? **7**

3. (A) वस्तु एवं सेवा कर (GST) अधिनियम परिषद के कार्य समझाइए। **7**

(B) वस्तु एवं सेवा कर (GST) अधिनियम के संदर्भ में सेन्ट्रल बोर्ड ऑफ एक्साइज एण्ड कस्टम की भूमिका की चर्चा कीजिए। **7**

**अथवा**

3. (A) केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम, 2017 और संकलित वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम, 2017 का वर्णन कीजिए। **7**

(B) वस्तु एवं सेवा कर से करमुक्ति पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए। **7**

4. (A) वस्तु एवं सेवा कर (GST) अधिनियम के अंतर्गत 'वस्तु एवं सेवा की आपूर्ति' की संकल्पना का वर्णन कीजिए। **7**

(B) वस्तु एवं सेवाओं की आपूर्ति का समय निर्धारित करने के मुख्य तत्त्व समझाइए तथा वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम, 2017 के अंतर्गत आपूर्ति समय किस प्रकार निर्धारित किया जाय, सोदाहरण समझाइए। **7**

**अथवा**

4. (A) वस्तु एवं सेवा कर, 2017 के अंतर्गत आपूर्ति का मूल्य निर्धारण किस प्रकार किया जाता है ? समझाइए। **7**

(B) निविष्ट कर जमा (Input Tax Credit) पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए। **7**

5. सबसे उचित विकल्प चुनिए : (कोई **सात**) **14**

(1) आयकर अधिनियम की धारा 2(26) _______ कंपनी पर लागू होती है।

(a) भारतीय (b) देशी

(c) विदेशी (d) सरकारी

(2) _________ कंपनी के आवासीय दर्जे पर लागू नहीं है ।

(a) निवासी
(b) निवासी परन्तु सामान्य निवासी नहीं
(c) गैर–निवासी
(d) इनमें से कोई नहीं

(3) __________ प्रकार की कंपनी को आयकर अधिनियम, 1961 के अंतर्गत कंपनी के प्रकार के रूप में वर्गीकृत नहीं किया जाता है ।

(a) औद्योगिक कंपनी
(b) सरकारी कंपनी
(c) एक व्यक्ति कंपनी
(d) निवेश कंपनी

(4) जब बीमा कंपनी, बैंकिंग कंपनी और गैर–बैंकिंग फाइनेन्स कंपनियाँ सेवा की प्रदाता होती हैं, तो उन्हें सेवा प्रदाय की तारीख से __________ दिनों के अंदर इन्वॉयस तैयार करना अनिवार्य है ।

(a) 30
(b) 50
(c) 60
(d) 45

(5) अंतर्राज्यीय वस्तु एवं सेवा प्रदान करने पर राज्य सरकार _________ कर लगाती है ।

(a) SGST
(b) CGST
(c) IGST
(d) UGST

(6) संकलित वस्तु एवं सेवा कर (IGST) _______ के द्वारा एकत्रित किया जाता है और आय को केंद्र एवं राज्य सरकार के मध्य बाँटा जाता है ।

(a) राज्य सरकार
(b) केन्द्र सरकार
(c) राज्य एवं केंद्र सरकार दोनों
(d) केंद्र–शासित प्रदेश का प्राधिकार

(7) वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम ________ से अमल में आया ।

(a) 1अप्रैल, 2017
(b) 31 मार्च, 2017
(c) 1 जुलाई, 2017
(d) 1 जनवरी, 2017

(8) __________ को छोड़कर सभी वस्तु एवं सेवाओं के प्रदान पर वस्तु एवं सेवा कर लगाया जाता है ।

(a) इलेक्ट्रिक वाहन
(b) तम्बाकू
(c) स्वास्थ्य रक्षा सेवाएँ
(d) मानव उपभोग की एल्कोहॉलिक शराब

(9) निम्न में से कौन सा कर आयात पर लगाया जाता है ?

(a) IGST

(b) SGST

(c) CGST

(d) CGST एवं SGST दोनों

(10) वस्तु एवं सेवा प्रदान करने पर वस्तु एवं सेवा कर (GST) _________ पर आधारित होता है ।

(a) उपभोग

(b) गंतव्य

(c) उत्पादन

(d) इन सभी

(11) वस्तु एवं सेवा कर ________ है ।

(a) सेस

(b) उपकर

(c) अप्रत्यक्ष कर

(d) प्रत्यक्ष कर

(12) वस्तु एवं सेवा कर के अंतर्गत निम्न में से किसे वार्षिक रिटर्न फाइल करना आवश्यक नहीं है ?

(a) इनपुट सर्विस डिस्ट्रीब्यूटर

(b) आकस्मिक करयोग्य व्यक्ति

(c) गैर–निवासी करदाता

(d) यह सभी